आँचलिक विज्ञान केन्द्र
लखनऊ

जीवनदायक, जीवनरक्षक

तरल-निश्चित रूप से इसका तात्पर्य द्रवों से ही न होकर वायुरूप (गैसों) से भी है। ठोस पदार्थ विश्व के बहुत छोटे भाग की रचना करते हैं, शेष तरल से घिरा है। हमारे ग्रह पृथ्वी के लगभग 2/3 भाग को विशाल महासागर और नदियाँ घेरे हुए हैं। पृथ्वी एवं पृथ्वी पर स्थित सम्पूर्ण जीवन, वायु के महासागर में, निरन्तर तैर रहा है।

तरल—जीवन-दाता। जीवन- धारक तत्त्व। मुख्य चालक। तरल को जानना विश्व को जानना है। यहाँ 'द्रव विज्ञान' की कहानी कहता है। 'कार्यशील एवं दर्शकों द्वारा चलाये जाने वाले प्रदर्श, द्रवों के विज्ञान और तकनीक को सजीव रूप में प्रस्तुत करते हैं। 'जल प्रपात' से अन्योन्य क्रियाएँ कीजिए। लुढ़काइये थोड़ा रंगीन जल, जो टरबाइन चक्र को घुमाता है, ताल बनाता है, भ्रमिल उत्पन्न करता है, बहुत से साइफन और फौव्वारों को क्रियाशील करता है और इस क्रम में अपने से हजारों आकृतियाँ बनाते हुए सर्कस के निपुण नट की तरह प्रदर्शन करता है। लखनऊ के इस आँचलिक विज्ञान केन्द्र में तरल के रहस्यों को खोजते, ढूँढते और अनुभव करते हुए इसी प्रकार अन्य प्रदर्शों में विचरण करें।

यहाँ हैं अनेक कार्यक्रम

जनसाधारण के द्वार तक विज्ञान का संदेश ले जाने के लिए आँचलिक विज्ञान केन्द्र पूरे उत्तर प्रदेश राज्य में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी की बसें चलाता है।

यह शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम, युवा विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक योग्यता केन्द्र, विज्ञान मेले, संगोष्ठियाँ, प्रकृति शिविर आयोजित करता है और विद्यालयों को उनके अपने विज्ञान केन्द्र विकसित करने में सहयोग करता है।

दीवारविहीन विज्ञान संग्रहालय

साढ़े पाँच एकड़ क्षेत्र में फैली मनोरम, सुन्दर दृश्यावली के मध्य वृहत विज्ञान वाटिका, दर्शकों को नागरीय जीवन के कोलाहल से दूर, रंगीन वातावरण में विश्राम करने और बच्चों को अनेकानेक भौतिक विज्ञान पर आधारित मुक्ताकाशीय प्रदर्शों एवं जीवन्त सुकुमार जानवरों के साथ खेलने का सुयोग प्रदान करती है। यह जीवन का एक अनुभव है।

अलीगंज विस्तार में यह एक प्रोत्साहक संसार है। यहाँ विज्ञान एक विषय नहीं, एक अनुभव है। यहाँ विज्ञान सीखने और खेलने की वस्तु है। यहाँ पर हाथ द्वारा चलने

वाले प्रदर्शों, उत्तोलक दबाना, चक्र घुमाना, गेंद लुढ़-काना, डोरी खींचना, छेद से देखना और ऐसी बहुत सी चीजों के साथ खेलते हुए कोई भी पूरा दिन व्यतीत करने के लिए स्वतंत्र है। खोजने पर ज्ञात होगा कि यहाँ पर विज्ञान की विचारधारा भिन्न है : यह मात्र खेल है।

विज्ञान एक विषय नहीं, एक अनुभव है

वीडियो, कम्प्यूटर, दृश्य-श्रव्य, प्रदर्शन, लेज़र, इलेक्ट्रॉनिक संगीत, विज्ञान फिल्म उत्सव, भ्रमणशील और अस्थाई प्रदर्श-नियाँ, लोकप्रिय विज्ञान पुस्तकालय, विज्ञान वाटिका और बच्चों का क्रीड़ांगन—आपके इस केन्द्र भ्रमण को वास्तविक अनुभव बनाने हेतु, यहाँ सभी कुछ है। यहाँ विज्ञान क्रिया, विज्ञान खेल, विज्ञान सबके लिए है।

ढूँढिये...
अनुभव कीजिए...
खोजिए...

कब आयें

सोमवार को छोड़कर प्रतिदिन
पूर्वान्ह 11.30 से साँय 7.00 तक खुला।
दूरभाष 71804

स्थिति

अलीगंज विस्तार, एकता विहार,
लखनऊ—226 020

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद
ब्लाक जी एन, सेक्टर V विधान नगर
कलकत्ता—700 091 भारत

Graphitech